फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर (ग्रामीण)

सोनी देवी बनाम उप खण्ड अधिकारी जोबनेर व अन्य

संख्या : 164/2024 (मुन्तकिल प्रार्थना पत्र)

आज्ञा ...वाही	आज्ञा का विस्तृत रूप	विशेष विवरण
.2024	दरख्वास्तगुजार ने उपखण्ड अधिकारी जोबनेर, जिला जयपुर ग्रामीण के समक्ष विचाराधीन वाद संख्या 11/2024 ब–उनवानी सोनी देवी बनाम तेजाराम व अन्य में पीठासीन अधिकारी से न्याय मिलने में शंका जाहिर कर उक्त प्रकरण को दीगर न्यायालय में मुन्तकिल किये जाने का अनुरोध किया है। प्रकरण दर्ज रजिस्टर हो। उपखण्ड अधिकारी जोबनेर, जिला जयपुर ग्रामीण से बिन्दुवार टिप्पणी तलब हो। नोटिस विपक्षीगण रजिस्टर्ड जारी हो। पत्रावली दिनांक 10.09.2024 को पेश हो। (हस्ताक्षर) जिला कलक्टर जयपुर (ग्रामीण)	
10/9/24	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उपस्थित है। वकील प्रार्थी ने अवगत कराया है कि उपखण्ड अधिकारी जोबनेर के पीठासीन अधिकारी श्री अभिमन्यु सिंह कुन्तल आर.ए.एस. का अन्यत्र स्थानान्तरण हो गया है। पीठासीन अधिकारी का स्थानान्तरण हो जाने से उनके विरुद्ध प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत यह मुन्तकिल प्रार्थना पत्र स्वतः ही प्रभावशून्य (Infructuous) हो गया है। फलस्वरूप प्रार्थी का मुन्तकिल प्रा.पत्र खारिज किया जाता है। पत्रावली नम्बर से कम हो। (हस्ताक्षर) (डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी) जिला कलक्टर जयपुर (ग्रामीण)	

Scanned with OKEN Scanner